प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं. 123 / 2025)

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

www.trai.gov.in

नई दिल्ली, 29-10- 2025

तत्काल प्रकाशन हेतु

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने आंध्र प्रदेश राज्य में (आंध्र प्रदेश लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र के तहत) हैदराबाद-विशाखापत्तनम रेल और विशाखापत्तनम-विजयवाड़ा राजमार्ग पर नेटवर्क की गुणवत्ता का आकलन किया।**

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने सितंबर 2025 के महीने में **हैदराबाद-विशाखापत्तनम रेल और विशाखापत्तनम-विजयवाड़ा राजमार्ग** के व्यापक मार्गों को शामिल करते हुए आंध्र प्रदेश लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र (एल.एस.ए.) के लिए अपने स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आई.डी.टी.) निष्कर्ष जारी किए। भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद की देखरेख में आयोजित आयोजित ये ड्राइव टेस्ट विविध उपयोग वातावरणों - शहरी क्षेत्रों, संस्थागत हॉटस्पॉट, ग्रामीण आवासीय इलाकों में रीयल वर्ल्ड मोबाइल नेटवर्क निष्पादन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किये गए थे ।

3 सितंबर 2025 से 4 सितंबर 2025 के बीच, भादूविप्रा की टीमों ने 695.7 किलोमीटर **हैदराबाद-विशाखापत्तनम रेल और 363.2 किलोमीटर विशाखापत्तनम-विजयवाड़ा राजमार्ग** पर विस्तृत ड्राइव टेस्ट किए। मूल्यांकन की गई प्रौद्योगिकियों में 2G, 3G, 4G और 5G शामिल हैं, जो विभिन्न हैंडसेट क्षमताओं में उपयोगकर्ताओं के सेवा अनुभव को दर्शाती हैं। आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को पहले ही सूचित कर दिया गया है।

**मूल्यांकित प्रमुख पैरामीटर:**

क) **वॉइस सेवाएं**: कॉल सेटअप सक्सेस रेट (सी.एस.एस.आर.), ड्रॉप कॉल रेट (डी.सी.आर.), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (एम.ओ.एस.), कवरेज।


ख) **डाटा सेवाएं**: डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्रॉप रेट तथा वीडियो स्ट्रीमिंग डिले ।

**हैदराबाद-विशाखापत्तनम रेल और विशाखापत्तनम-विजयवाड़ा राजमार्ग में** समग्र मोबाइल नेटवर्क निष्पादन का सारांश नीचे दिया गया है

**कॉल सेटअप सक्सेस रेट** - ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल में कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः 98.91%, 49.02%, 95.79% और 91.61% है।

**ड्रॉप कॉल रेट:** - ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल में कॉल ड्रॉप रेट क्रमशः 0.00%, 17.60%, 0.37% और 1.10% है।

**सी.एस.एस.आर.:** कॉल सेटअप सक्सेस रेट (% में), **सी.एस.टी.:**कॉल सेटअप टाइम (सेकंड में), **डी.सी.आर:** ड्रॉप कॉल रेट (% में), एमओएस : मीन ओपिनियन स्कोर।




### *सारांश - वॉइस सेवाएं*

**कॉल सेटअप सक्सेस रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल में कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः 98.91%, 49.02%, 95.79% और 91.61 % है।

**कॉल सेटअप टाइम:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप टाइम क्रमशः1.12, 4.01, 1.05 और 1.03 सेकंड है।

**ड्रॉप कॉल रेट:**ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का ड्रॉप कॉल रेट क्रमशः0.00%, 17.60%, %,0.37 % और 1.10% है।

**कॉल साइलेंस/म्यूट रेट:** पैकेट स्विच्ड नैटवर्क (4G/5G). में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की कॉल साइलेंस रेट क्रमशः 0.00%, 2.88%, 3.00% और 3.06 % है

**मीन ओपिनियन स्कोर (एम.ओ.एस.):** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का एमओएस क्रमशः 3.93, 2.43, 3.82 और 3.85 हैं।

### *सारांश - डाटा सेवाएं*

**डाटा डाउनलोड निष्पादन (समग्र):** एयरटेल (5G/4G/2G) की औसत डाउनलोड स्पीड 106.60 Mbps, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 5.98 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 172.40 Mbps और वीआईएल (5G/4G/2G) की औसत डाउनलोड स्पीड 31.14 Mbps है।

**डाटा अपलोड निष्पादन (समग्र)** एयरटेल (5G/4G/2G) की औसत अपलोड स्पीड15.10 Mbps, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 4.39 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 13.49 Mbps और वीआईएल (5G/4G/2G) की औसत अपलोड स्पीड 6.58 Mbps है।

**लेटेंसी (समग्र):** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की 50वीं पर्सेंटाइल लेटेंसी क्रमशः 24.30 ms, 25.10 ms, 27.75 ms और 35.90 ms है।

हैदराबाद-विशाखापत्तनम रेल के मूल्यांकन में हैदराबाद-विशाखापत्तनम रेलमार्ग के पगिडीपल्ली, वारंगल, खम्मम, मोटुमारी, विजयवाड़ा, एलुरु, राजमुंदरी, तिम्मापुरम और समालकोट आदि से गुजरने वाले क्षेत्र शामिल थे।

विशाखापट्टनम से विजयवाड़ा राजमार्ग में कासिमकोटा, रेगुपलेम, नक्कापल्ली, प्रतिपाडु, राजानगरम, दुबाचेरिया, हनुमान जंक्शन, गन्नवरम और रामवरपाडु आदि से होकर गुजरने वाले इलाके शामिल थे।

ये टेस्ट वास्तविक समय वातावरण में भादूविप्रा द्वारा सुझाए गए उपकरणों और मानकीकृत प्रोटोकॉल का उपयोग करके आयोजित किए गए थे। विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है।किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, श्री बी. प्रवीण कुमार, सलाहकार (क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद) भादूविप्रा से ईमेल adv.hyderabad@trai.gov.in या टेलीफोन नं + 91-40-23000761 पर संपर्क किया जा सकता है।


ADVISOR
Telecom Regulatory Authority of India
Regional Office,
6th Floor, Doorsanchar Bhawan,